# अभ्यास कार्यपत्रिका

**प्रश्न 1- नीचे दिए गए पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस थे। उन्होंने नरेंद्र को 'विवेकानंद' नाम दिया। एक बार स्वामी विवेकानंद अमेरिका गए। अमेरिका के शिकागो शहर में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि अपने-अपने धर्म के विषय में बताने आए थे। विवेकानंद ने भारत की ओर से अपना भाषण दिया। भाषण में उनके संबोधन "भाइयों और बहनों!" को सुनकर सभा में तालियाँ गूँज उठीं। अगले दिन उनके भाषण की चर्चा पूरे अमेरिका में हुई। उन्होंने अपने कार्यों और विचारों से विश्व में भारत का नाम रौशन किया।

क) स्वामी विवेकानंद के गुरू का नाम....... ........ था?

i) नरेंद्र ii) रामकृष्ण परमहंस iii) महात्मा गाँधी

ख) विवेकानंद ने भाषण कहाँ दिया था?

i) भारत ii) श्री लंका iii) अमेरिका

ग) शिकागो की सभा में तालियाँ क्यों गूँज उठीं थीं?

i) सभी लोगों को भाई-बहन बोलकर संबोधित किया गया था।

ii) धर्म के विषय में बताया गया था।

iii) भारत देश के विषय में बताया गया था।

घ) विवेकानंद एक ------------------- थे।

i) मनमौजी ii) विचारक iii) निशानेबाज

ङ) 'शिक्षक' का समान अर्थ वाला शब्द गद्यांश से ढूँढकर बताइए-

i) अध्यापक ii) गुरु iii) शिक्षिका

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न 2- नीचे दिए गए पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

अब्राहम लिंकन को 'आज़ादी का मसीहा' कहा जाता है। अमेरिका में इनका नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है। अमेरिका में पहले दास प्रथा थी। वहाँ अफ्रिका से लाए गए दासों का जीवन बड़ा दुखद था। लिंकन को यह बहुत बुरा लगता था। उन्होंने दास प्रथा का विरोध किया और उनके प्रयासों से दास प्रथा समाप्त हो गई।

क) अब्राहम लिंकन को 'आजादी का मसीहा' कहा जाता है क्योंकि उन्होंने ----------------- आवाज़ उठाई थी।

i) इंसान को गुलाम बनाने के खिलाफ़
ii) अशिक्षा के खिलाफ़
iii) देश को आजाद कराने के लिए

ख) किस देश के आदमियों को दास बनाने के लिए लाया जाता था?

i) अमेरिका ii) भारत iii) अफ्रिका

ग) 'दास प्रथा' का क्या अर्थ है ?

i) रीति-रिवाज़ ii) गुलाम बनाने का रिवाज़ iii) विरोध करना

घ) हमें समाज में फैली बुराइयों का-------------------

i) विरोध करना चाहिए ii) साथ देना चाहिए iii) दोनों सही है।

ङ) 'कोशिश' का समान अर्थ वाला शब्द गद्यांश से ढूँढकर बताइए-

i) विरोध ii) दुखद iii) प्रयास

LIVEWORKSHEETS